# समाचार
# कर्मचारी संघ की बैठक 30 मई को

कोरबा 25 मई 2016 – छत्तीसगढ़ स्वायत्शासी कर्मचारी महासंघ नगर पालिक निगम कोरबा ईकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक 30 मई को सायं 5.00बजे निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत के सामने प्रांगण में आयोजित कि गई है। निगम के अधिकारी कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे उक्त महत्वपूर्ण बैठक में अपनी उपस्थिति आवश्यक रूप से प्रदान करें।

छत्तीसगढ़ स्वायत्शासी कर्मचारी महासंघ नगर पालिक निगम कोरबा ईकाई के अध्यक्ष श्री गिरीश साहू एवं महामंत्री श्री अली बख्श ने बताया कि कर्मचारी हित से जुड़े विभिन्न मसलों पर विस्तार से विचार विमर्श करने तथा इन मसलों के संबंध में महासंघ की आगामी कार्य योजना की तैयारी हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आगामी 30 मई 2016 को सायं 5 बजे निगम कार्यालय के सामने स्थित प्रांगण में किया गया है। नेताद्वय ने निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं महासंघ के पदाधिकारियों व सदस्यों से आग्रह किया है कि वे अनिवार्य रूप से उक्त बैठक में अपनी उपस्थिति प्रदान करें तथा यदि उनकी स्वयं की भी कोई कार्य योजना है तो इस कार्य योजना को भी बैठक में प्रस्तुत करें।